संदेश

लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, पोंगल, भोगाली बिहू, उत्तरायण और पौष पर्व के अवसर पर मैं सभी देशवासियों और विदेश में बसे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

ये त्योहार पूरे भारत में अगल-अलग स्वरूपों में मनाए जाते हैं परन्तु इन सबका तात्पर्य नई फसल के घर आने का हर्ष और उल्लास होता है। इस अवसर पर देशवासी पर्व-स्नान, पूजा, दान एवं सांस्कृतिक अनुष्ठान के माध्यम से मिल-बांटकर खुशियां मनाते हैं।

देश की प्रगति और विकास में कृषि और कृषकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सभी देशवासियों के लिए ये त्योहार, हमारे किसानों के अथक परिश्रम को सम्मान देने का अवसर हैं।

मेरी कामना है कि इन त्योहारों के माध्यम से हमारे समाज में प्रेम, स्नेह और सौहार्द का बंधन मजबूत हो तथा देश में समृद्धि और खुशहाली बढ़े।

******